# हबीबगंज पुलिस ने शातिर चोर को दबोचा, दो लाख का माल बरामद



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** हबीबगंज थाना पुलिस ने चोरी की दो वारदातों का खुलासा करते हुए एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से करीब दो लाख रुपये मूल्य का चोरी का सामान बरामद किया गया है, जिसमें एलईडी टीवी, लैपटॉप और चांदी के जेवर शामिल हैं।

पुलिस के अनुसार आरोपी आर्यन चौहान उर्फ अनिकेत उर्फ डागी (22) निवासी अर्जुन नगर को मुखबिर की सूचना पर 5 नंबर क्षेत्र स्थित वाइन शॉप के पास से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने शिवाजी नगर क्षेत्र में एक सूने मकान और एक वर्किंग वुमेन हॉस्टल में चोरी की वारदातों को अंजाम देना स्वीकार किया।

पहली घटना में आरोपी ने मकान का ताला तोड़कर एलजी कंपनी की एलईडी टीवी, चांदी की पायल और तांबे का कलश चोरी किया था। वहीं दूसरी घटना में वर्किंग वुमेन हॉस्टल का ताला तोड़कर लेनोवो कंपनी का लैपटॉप चोरी कर लिया था। चोरी की इन घटनाओं के बाद पुलिस उपायुक्त जोन-1 श्री अखिल पटेल, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त श्रीमती रश्मि अग्रवाल दुबे और एसीपी हबीबगंज श्री उमेश तिवारी के निर्देशन में विशेष टीम गठित की गई थी। टीम ने घटनास्थलों के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी तक पहुंची।

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी का पूरा माल बरामद कर लिया है। आरोपी के खिलाफ पहले से मारपीट, चोरी और आर्म्स एक्ट सहित 15 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं।

## 16 वर्षीय किशोरी को ले जाने का मामला दर्ज

**भोपाल।** टीटी नगर थाना पुलिस ने बाल कल्याण समिति की शिकायत पर नाबालिग को ले जाने का मामला दर्ज किया है। फरियादी कर्णवीर सिंह ने बताया कि उनकी 16 वर्षीय पुत्री रोनक सिंह को अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर ले गया। पुलिस ने अपराध क्रमांक 478 दर्ज कर किशोरी और आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

# मप्र राज्य सहकारी अधिकरण अधिवक्ता संघ की एडहॉक कमेटी गठित



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्यप्रदेश राज्य सहकारी अधिकरण अधिवक्ता संघ के संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए एडहॉक कमेटी का गठन किया गया है। यह समिति संघ के पंजीयन और आगामी चुनाव प्रक्रिया को संपन्न कराने का कार्य करेगी। वरिष्ठ अधिवक्ता डी.के. सक्सेना को समिति का अध्यक्ष तथा अधिवक्ता सोनिया सक्सेना को महिला प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है।

शुक्रवार को भोपाल स्थित मध्यप्रदेश राज्य सहकारी अधिकरण कार्यालय में आयोजित अधिवक्ताओं की बैठक में करीब 95 प्रतिशत वकीलों की उपस्थिति रही। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अधिवक्ता संघ का विधिवत पंजीयन कराया जाए और सदस्यता केवल उन्हीं अधिवक्ताओं को दी जाए जो सहकारी न्यायालयों में नियमित रूप से प्रैक्टिस करते हैं। बैठक में संघ के पंजीयन और चुनाव प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए एडहॉक कमेटी का गठन किया गया। समिति में डी.के. सक्सेना को अध्यक्ष, योगेश पवार और शिवराम यादव को उपाध्यक्ष, रोहित श्रोती को सचिव तथा सोनिया सक्सेना को महिला प्रतिनिधि बनाया गया है। वहीं पंजीयन संबंधी कार्यवाही के लिए अधिवक्ता स्वाकांत भार्गव को अधिकृत किया गया। नवगठित अध्यक्ष डी.के. सक्सेना का अधिवक्ताओं ने स्वागत किया। कार्यक्रम में जिला बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे। अधिवक्ताओं ने इसे सहकारिता क्षेत्र के इतिहास में महत्वपूर्ण पहल बताते हुए कहा कि संगठित मंच बनने से सहकारी न्यायालयों में कार्यरत अधिवक्ताओं की समस्याओं के समाधान और पेशेवर हितों की रक्षा को मजबूती मिलेगी। समिति जल्द ही पंजीयन प्रक्रिया पूरी कर लोकतांत्रिक तरीके से नई कार्यकारिणी के चुनाव कराएगी।

# सप्रे संग्रहालय में शंभुदयाल गुरु इतिहास प्रभाग का लोकार्पण

## पांच विभूतियों को 'कर्मवीर सम्मान'



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** ज्ञानतीर्थ सप्रे संग्रहालय में शंभुदयाल गुरु की बेशकीमती सामग्री को शामिल कर 'शंभुदयाल गुरु इतिहास प्रभाग' की स्थापना की गई। इस प्रभाग का लोकार्पण संग्रहालय के 43वें स्थापना दिवस 19 जून को किया गया।

इस अवसर पर पांच प्रमुख विभूतियों—डा. सुभाष अत्रे, डॉ. संतोष चौबे, श्रीराम तिवारी, नूरुल हसन नूर और डॉ. जवाहर कर्नावट—को 'कर्मवीर सम्मान' से विभूषित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य तुलसी मानस प्रतिष्ठान के कार्यकारी अध्यक्ष रघुनंदन शर्मा ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को जीवन में ऐसा कार्य अवश्य करना चाहिए, जिसका लाभ नई पीढ़ी को मिले। उन्होंने गुरु जी की ज्ञान संपदा सप्रे संग्रहालय को सौंपने पर उनके परिवार का आभार प्रकट किया। संग्रहालय के संस्थापक निदेशक विजयदत्त श्रीधर ने बताया कि अब तक कई विभूतियों के परिजनों ने सामग्री सौंपी है। गुरु जी की पत्नी श्रीमती कमलेश गुरु और उनकी चारों बेटियों ने संग्रहालय को उनका खजाना सौंपा। कार्यक्रम में अशोक मनवानी की मोनोग्राफ और 'दूर और नजदीक से सरोज गुप्ता' का विमोचन भी किया गया। सम्मानित विभूतियों ने अपने उद्बोधन में संग्रहण और साहित्य की सामाजिक महत्ता पर प्रकाश डाला। डॉ. अत्रे ने कहा कि एक बार संकलित सामग्री वर्षों तक समाज के काम आती है। डॉ. चौबे ने साहित्य के माध्यम से समाज को जोड़ने की आवश्यकता जताई। श्रीराम तिवारी ने भारतीय ज्ञान परंपरा पर अपने कार्यों का उल्लेख किया। नूरुल हसन ने हिंदी भाषा के महत्व को रेखांकित किया। डॉ. जवाहर कर्नावट ने कहा कि घर में मिला सम्मान अत्यंत गौरवपूर्ण है। कार्यक्रम में गुरु परिवार, प्रबुद्धजन और सप्रे संग्रहालय के अधिकारी उपस्थित रहे।



# मंत्री कुशवाह ने कार्यकर्ताओं से संवाद किया

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, भोपालः** कैबिनेट मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश भर से आए पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद किया।

उन्होंने कार्यकर्ताओं की जनसमस्याओं को सुना और त्वरित समाधान का आश्वासन दिया। जिन समस्याओं का तुरंत समाधान संभव नहीं था, उन्हें संबंधित विभागों को भेजा गया। मंत्री ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं के माध्यम से जनता तक सरकार की योजनाओं और सुविधाओं को पहुँचाना प्राथमिकता है।

## 'अनाउंसर्स डायरी' पुस्तक का विमोचन एवं संवाद कार्यक्रम आज

**नप्र, भोपाल :** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय, भोपाल के सहयोग से पुस्तक 'अनाउंसर्स डायरी' के विमोचन, समीक्षा एवं संवाद कार्यक्रम का आयोजन शनिवार, 20 जून 2026 को सायं 4:45 बजे संग्रहालय के वीथि संकुल अंतरंग भवन स्थित ऑडिटोरियम हॉल, श्यामला हिल्स में किया जाएगा। कार्यक्रम में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय के निदेशक प्रो. डॉ. अमिताभ पांडे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। आकाशवाणी भोपाल के उपमहानिदेशक एवं क्लस्टर हेड श्री लोकेश कुमार विशिष्ट अतिथि होंगे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ उद्घोषक श्री जी. श्याम करेंगे।

पुस्तक के प्रधान संपादक पुरुषोत्तम श्रीवास्तव, संपादक श्रीमती अमिता त्रिवेदी तथा मुख्य कार्यकारी संपादक संजीव मालवीय हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक राजेश बादल तथा पूर्व आईएएस अधिकारी डॉ. श्रीकांत पाण्डेय पुस्तक पर अपने विचार एवं समीक्षात्मक वक्तव्य प्रस्तुत करेंगे।

## इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन

**नप्र, भोपाल :** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय, भोपाल द्वारा 21 जून 2026, रविवार को 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 6:30 बजे संग्रहालय के आवृति भवन परिसर में होगा। इस वर्ष की थीम 'स्वस्थ आयु के लिए योग' रखी गई है।

कार्यक्रम में प्रशिक्षित योग विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान सत्र आयोजित किए जाएंगे। इसमें संग्रहालय के अधिकारी, कर्मचारी, सशस्त्र सीमा बल के जवान, विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थी, योग प्रेमी और आम नागरिक हिस्सा लेंगे। सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) और केन्द्रीय प्रशिक्षण एवं कार्यशाला, भोपाल का आयोजन में विशेष सहयोग रहेगा। कार्यक्रम का उद्देश्य योग को दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाना और शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इच्छुक प्रतिभागी ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं।

# प्रदेशभर में प्राकृतिक खेती कार्यशालाएँ हजारों किसानों ने लिया प्रशिक्षण



**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, भोपालः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा, मध्यप्रदेश द्वारा प्रदेशव्यापी प्राकृतिक खेती कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। प्रदेश के 62 जिलों में 150 से अधिक स्थानों पर आयोजित इन कार्यशालाओं में हजारों किसानों, कृषि वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों ने भाग लिया।

भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्री जयपाल सिंह चावड़ा ने बताया कि इन कार्यशालाओं का उद्देश्य किसानों को प्राकृतिक खेती की वैज्ञानिक और व्यावहारिक जानकारी देना, खेती की लागत कम करना और किसानों को आत्मनिर्भर बनाना है। कार्यक्रमों में कृषि वैज्ञानिकों ने रसायन मुक्त खेती, मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने, जल संरक्षण तथा कम लागत में अधिक उत्पादन के तरीकों पर विस्तार से जानकारी दी। किसानों को प्राकृतिक खेती को पर्यावरण संरक्षण और स्वास्थ्य के लिए लाभकारी बताया गया। बैतूल, गुना, इंदौर, राजगढ़, छतरपुर, जबलपुर, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा सहित विभिन्न जिलों में संगोष्ठियाँ आयोजित हुईं। इन अवसरों पर सांसदों, विधायकों और कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को संबोधित किया और प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया।


